# Daily Current Affairs – 09-03-2022

## Important News: World

### 1. डेमोक्रेसी रिपोर्ट 2022




**चर्चा में क्यों?**

- स्वीडन के गोथेनबर्ग विश्वविद्यालय में वी-डेम संस्थान की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2021 में विश्व स्तर पर एक औसत नागरिक के पास मौजूद लोकतंत्र का स्तर वर्ष 1989 के स्तर से नीचे चला गया है और साथ ही शीत युद्ध के बाद की अवधि के दौरान प्राप्त लोकतांत्रिक लाभ तेज़ी से घट रहे हैं।
- इस अध्ययन का शीर्षक 'डेमोक्रेसी रिपोर्ट 2022: ऑटोक्रेटाइजेशन चेंजिंग नेचर?' है।

**प्रमुख बिंदु**

- रिपोर्ट लिबरल डेमोक्रेटिक इंडेक्स (LDI) में उनके स्कोर के आधार पर देशों को चार शासन प्रकारों में वर्गीकृत करती है: लिबरल डेमोक्रेसी, इलेक्टोरल डेमोक्रेसी, इलेक्टोरल ऑटोक्रेसी और क्लोज्ड ऑटोक्रेसी।

**रिपोर्ट के मुख्य निष्कर्ष:**

- **स्वीडन** LDI सूचकांक में सबसे ऊपर है, अन्य स्कैंडिनेवियाई देश जैसे डेनमार्क और नॉर्वे, कोस्टा रिका और न्यूजीलैंड के साथ उदार लोकतंत्र रैंकिंग में शीर्ष पांच में हैं।
- निरंकुशता का तेज़ी से प्रसार हो रहा है तथा 33 देशों में निरंकुशता की स्थिति दर्ज की गई है।

**भारत का प्रदर्शन:**

- भारत बहुलता-विरोधी राजनीतिक दल की व्यापक वैश्विक प्रवृत्ति का हिस्सा है जिसने निरंकुश शासन को आगे बढ़ाया है।
- LDI में भारत 93वें स्थान पर था, और इसे "निचले 50%" देशों में शामिल किया गया है।
- इलेक्टोरल डेमोक्रेसी इंडेक्स में इसका प्रदर्शन और अधिक खराब हुआ है तथा यह 100वें स्थान पर पहुँच गया है, इसके अलावा डेलिवरेटिव कंपोनेंट इंडेक्स में यह 102वें स्थान पर है।
- दक्षिण एशिया के देशों की बात करें तो LDI में भारत का स्थान श्रीलंका (88), नेपाल (71) और भूटान (65) से नीचे तथा पाकिस्तान (117) से ऊपर है।

**नोट:** इससे पहले इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेसी एंड इलेक्टोरल असिस्टेंस द्वारा ग्लोबल स्टेट ऑफ डेमोक्रेसी रिपोर्ट, 2021 जारी की गई थी।

**स्रोत: द हिंदू**

## Important News: India

**2. ब्रह्मपुत्र (NW2) का गंगा (NW1) से जुड़ाव**



**चर्चा में क्यों?**

- हाल ही में, केंद्रीय पत्तन, नौवहन और जलमार्ग एवं आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने गुवाहाटी में पटना से बांग्लादेश होते हुए पांडु तक खाद्यान्न की पहली जलयात्रा का स्वागत किया।

**प्रमुख बिंदु**

- असम और पूर्वोत्तर भारत के लिए अंतर्देशीय जल परिवहन के एक नए युग की शुरुआत करते हुए **भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (IWAI) गंगा (NW1)** और **ब्रह्मपुत्र (NW2)** के बीच एक निर्धारित अनुसूचित नौकायन की योजना बना रहा है।
- प्रधानमंत्री गति शक्ति के तहत बांग्लादेश के रास्ते ऐतिहासिक व्यापार मार्गों को फिर से जीवंत करने के निरंतर प्रयास को प्रोत्साहन मिला है।
- प्रधानमंत्री की "एक्ट ईस्ट" नीति के अनुरूप, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय (MoPSW) ने भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (IWAI) के माध्यम से **राष्ट्रीय जलमार्ग-1 (NW1)**, भारत-बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग और NW2 पर कई आधारभूत सुविधाओं से संबंधित परियोजनाएं शुरू की हैं।
- इन कदमों से जलमार्गों के माध्यम से उत्तर पूर्वी क्षेत्र (NER) के साथ संपर्क में सुधार होगा।
- सरकार ने 2,000 टन तक के जहाजों की सुरक्षित और सतत आवाजाही के लिए NW-1 (गंगा नदी) की क्षमता वृद्धि को लेकर लगभग 4,600 करोड़ रुपये के निवेश के साथ महत्वाकांक्षी **जल मार्ग विकास परियोजना (JMVP)** शुरू की है।

**नोट:**

- भारत में लगभग 14,500 किलोमीटर नौगम्य जलमार्ग हैं जिनमें नदियाँ, नहरें, बैकवाटर, खाड़ियाँ आदि शामिल हैं।
- राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम 2016 के अनुसार, 111 जलमार्गों को राष्ट्रीय जलमार्ग (NWs) घोषित किया गया है।
- NW-1: गंगा-भागीरथी-हुगली नदी प्रणाली (प्रयागराज-हल्दिया) 1620 किमी लंबाई के साथ भारत का सबसे लंबा राष्ट्रीय जलमार्ग है।
- अंतर्देशीय पोत विधेयक, 2021 को अंतर्देशीय जहाजों की सुरक्षा और पंजीकरण को विनियमित करने के लिए भी अनुमोदित किया गया था।

**स्रोत: PIB**

### 3. महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 'कन्या शिक्षा प्रवेश उत्सव' अभियान का शुभारंभ किया



**चर्चा में क्यों?**

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (MoWCD) ने शिक्षा मंत्रालय और UNICEF के साथ मिलकर औपचारिक शिक्षा/या कौशल प्रणाली की तरफ किशोरियों को वापस स्कूल लाने के लिये एक अभूतपूर्व अभियान **'कन्या शिक्षा प्रवेश उत्सव**' का शुभारंभ किया।

**प्रमुख बिंदु**

- स्कूल में 11-14 साल की उम्र की लड़कियों के नामांकन और प्रतिधारण को बढ़ाने के उद्देश्य से अभियान शुरू किया गया है।
- इस पहल का उद्देश्य स्कूल छोड़ने वाली लड़कियों के लिए एक व्यापक प्रणाली पर काम करने के लिए मौजूदा योजनाओं और कार्यक्रमों जैसे किशोरियों के लिये योजना (SAG), बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (BBBP) और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) पर निर्माण करना है।
- अभियान की शुरूआत महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की प्रमुख योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत की जायेगी। इसका लक्ष्य है स्कूल छोड़ने वाली चार लाख से अधिक किशोरियों को योजनाओं का लाभ देना है।

**UNICEF के बारे में:**

- UNICEF, जिसे संयुक्त राष्ट्र बाल कोष के रूप में भी जाना जाता है, एक संयुक्त राष्ट्र एजेंसी है जो दुनिया भर में बच्चों को मानवीय और विकासात्मक सहायता प्रदान करने के लिए जिम्मेदार है।
- मुख्यालय: न्यूयॉर्क, संयुक्त राज्य अमेरिका
- स्थापना: 11 दिसंबर 1946

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

**4. महिलाओं के लिए विशेष उद्यमिता प्रोत्साहन अभियान - "समर्थ"**




byjusexamprep.com

**चर्चा में क्यों?**

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2022 के अवसर पर, केंद्रीय MSME मंत्री नारायण राणे ने महिलाओं के लिए एक विशेष उद्यमिता प्रोत्साहन अभियान - **"समर्थ"** का शुभारंभ किया।

**प्रमुख बिंदु**

MSME मंत्रालय की समर्थ पहल के अंतर्गत, इच्छुक और मौजूदा महिला उद्यमियों को निम्नलिखित लाभ उपलब्ध होंगे:

- मंत्रालय की कौशल विकास योजनाओं के अंतर्गत आयोजित **मुफ्त कौशल विकास कार्यक्रमों** में **20 प्रतिशत** सीटें महिलाओं के लिए आवंटित की जाएंगी। इससे **7500 से अधिक महिलाएं** लाभान्वित होंगी।
- मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित विपणन सहायता के लिए योजनाओं के अंतर्गत घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों में भेजे गए **MSME व्यापार प्रतिनिधिमंडल** का **20 प्रतिशत** हिस्सा महिलाओं के स्वामित्व वाले MSME को समर्पित होगा।
- **NSIC की वाणिज्यिक योजनाओं** पर वार्षिक प्रसंस्करण शुल्क पर **20 प्रतिशत** की छूट।
- **उद्यम पंजीकरण** के अंतर्गत महिलाओं के स्वामित्व वाले MSME के पंजीकरण के लिए **विशेष अभियान**

**नोट:** वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स में, भारत दक्षिण एशिया में सबसे खराब प्रदर्शन करने वालों में से एक है, यह 2021 में 156 देशों में 140वें स्थान पर है।

**महिलाओं से सम्बंधित वैधानिक ढाँचा:**

- दहेज निषेध अधिनियम, 1961
- घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005
- कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013

**स्रोत: PIB**

byjusexamprep.com

## 5. NIESBUD ने स्टार्ट-अप ग्राम उद्यमशीलता कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिये ग्रामीण विकास मंत्रालय के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये




**चर्चा में क्यों?**

- कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (MSDE) के अधीन स्वायत्तशासी संगठन **राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (NIESBUD)** ने **स्टार्ट-अप ग्राम उद्यमशीलता कार्यक्रम (SVEP)** पहल के जरिये मैदानी स्तर पर उद्यमशीलता को प्रोत्साहन देने के लिये एक सतत स्वरूप विकसित करने के वास्ते ग्रामीण विकास मंत्रालय (MoRD) के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं।

**प्रमुख बिंदु**

- SVEP, ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत संचालित होने वाले दीनदयाल अंत्योदय योजना – राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM) का उप-घटक है।
- इसका उद्देश्य गैर-कृषि सेक्टर में ग्रामीण स्तर पर उद्यम स्थापित करने के लिये ग्रामीण इलाकों के उद्यमियों का समर्थन करना है।
- साझेदारी के तहत ग्रामीण उद्यमी मुद्रा बैंक से समर्थन सहित अपने उद्यम शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए बैंकिंग सिस्टम का उपयोग करने में सक्षम होंगे।
- परियोजना के लाभार्थी DAY-NRLM के स्वयं सहायता समूह (SHG) पारिस्थितिकी तंत्र से हैं और यह योजना न केवल मौजूदा उद्यमों बल्कि नए उद्यमों का भी समर्थन करती है।

**स्रोत: ET**

### 6. केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने विश्वकर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार, राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार और राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार खान प्रदान किये



**चर्चा में क्यों?**

- केंद्रीय श्रम और रोजगार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने प्रदर्शन वर्ष 2018 के लिए विश्वकर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार (VRP), राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार (NSA) और प्रतियोगिता वर्ष 2017, 2018, 2019 और 2020 के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार (खान) [NSA (खान)] प्रदान किए।

**प्रमुख बिंदु**

- श्रम और रोजगार मंत्रालय, 1965 से "विश्वकर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार (VRP)" और "राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार (NSA)" और 1983 से राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार (खान) [NSA (खान)] का संचालन कर रहा है।
- VRP और NSA का संचालन महानिदेशालय कारखाना सलाह सेवा और श्रम संस्थान (DGFASLI), मुंबई द्वारा किया जाता है और NSA (खान) का संचालन खान सुरक्षा महानिदेशालय (DGMS), धनबाद द्वारा किया जाता है।

**स्रोत: PIB**

byjusexamprep.com

## Important News: Science

### 7. राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन के तहत IIT रुड़की में पेटास्केल सुपरकंप्यूटर ''परम गंगा'' स्थापित किया गया



**चर्चा में क्यों?**

- **राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (NSM)** ने 1.66 पेटाफ्लॉप्स की सुपरकंप्यूटिंग क्षमता के साथ IIT रुड़की में एक सुपरकंप्यूटर **''परम गंगा''** की तैनाती की है।
- यह प्रणाली NSM की चरण-2 की निर्माण पहुंच के तहत C-DAC द्वारा डिजाइन और चालू की गई है।

**प्रमुख बिंदु**

**राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (NSM) के बारे में:**

- राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (NSM), जिसे इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeiTY) एवं विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग (DST) द्वारा संयुक्त रूप से संचालित तथा सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस कंप्यूटिंग (C-DAC) और भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है, ने काफी प्रगति की है।
- NSM के चार प्रमुख स्तम्भ हैं जिनके नाम बुनियादी ढांचा, अनुप्रयोग, अनुसंधान एवं विकास, मानव संसाधन विकास हैं। ये स्तम्भ देश के स्वदेशी सुपरकंप्यूटिंग इकोसिस्टम को विकसित करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कुशलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं।
- इस मिशन की निर्माण पहुंच के तहत डिजाइन, विकास, सुपरकंप्यूटिंग प्रणालियों की तैनाती और कार्य करने की जिम्मेदारी C-DAC को सौंपी गई है।
- इसने कंप्यूटर सर्वर ''रुद्र'' और उच्च गति वाले इंटरकनेक्ट ''त्रिनेत्र'' को डिजाइन और विकसित किया है, जो सुपर कंप्यूटरों के लिए आवश्यक प्रमुख उप-असेंबलियां हैं।

**स्रोत: PIB**

## Important News: Sports

### 8. मिताली राज छह विश्व कप में खेलने वाली पहली महिला क्रिकेटर बनीं



**चर्चा में क्यों?**

- भारत की कप्तान मिताली राज प्रतिष्ठित सचिन तेंदुलकर और पाकिस्तानी महान जावेद मियांदाद के साथ छह विश्व कप में भाग लेने वाली तीसरी क्रिकेटर और पहली महिला बनीं।

**प्रमुख बिंदु**

- कई यादगार मैचों की 39 वर्षीय अनुभवी राज ने 2005, 2009, 2013, 2017 और अब 2022 में प्रतियोगिता खेलने से पहले 2000 में विश्व कप में अपना पहला प्रदर्शन किया था।

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

### 9. जमशेदपुर FC ने ATK मोहन बागान को हराकर पहला ISL विनर शील्ड जीता



**चर्चा में क्यों?**

- जमशेदपुर FC ने गोवा के पीजेएन स्टेडियम में ATK मोहन बागान पर 1-0 से जीत के बाद अपना पहला इंडियन सुपर लीग (ISL) विनर शील्ड जीता।

**प्रमुख बिंदु**

- जमशेदपुर FC जमशेदपुर में स्थित एक भारतीय पेशेवर फुटबॉल क्लब है।

**इंडियन सुपर लीग (ISL) के बारे में:**

- इंडियन सुपर लीग भारतीय फुटबॉल प्रणाली में पुरुषों की पेशेवर शीर्ष स्तरीय फुटबॉल लीग है।
- यह अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ और उनके वाणिज्यिक भागीदारों फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड द्वारा आयोजित किया जाता है।
- हीरो मोटोकॉर्प के साथ प्रायोजन संबंधों के लिए, इसे आधिकारिक तौर पर हीरो इंडियन सुपर लीग कहा जाता है।

**स्रोत: न्यूज़ऑनएयर**

byjusexamprep.com